# नदी-नाले उफान पर, कई मकान हुये क्षतिग्रस्त



## बेतवा नदी दूसरे दिन पुराने पुल से 8 फीट ऊपर, जिले की कई नदियां अब भी उफान पर

नवभारत न्यूज

**विदिशा 30 जुलाई, तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव की समस्या से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं कई ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ का पानी भर जाने के कारण पुलिस और होमगार्ड के जवानों को रेस्क्यू कर लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया तो वहीं बेतवा नदी पुराने पुल से 8 फीट ऊपर बह रही है.**

बुधवार को मौसम खुला होने के कारण लोगों ने राहत की सांस ली है, लेकिन नदी नाले उफान पर होने के कारण कई गांव में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए. इस दौरान पुलिस जवान और एनडीआरएफ की टीम के जवानों ने बाढ़ में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया. इस दौरान ग्राम किरमची रुसल्ली में नेवन नदी का पानी गांव में घुसने के कारण गांव के बाहर बने कच्चे घरों में पानी भर गया. जिसके कारण से कई कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गए.सरपंच प्रतिनिधि लकी गुर्जर ने बताया कि नदी उफान पर आने के कारण पानी गांव के घरों तक आ गया था. जिसके कारण से कई कच्चे घर गिर गए हैं.

### बेतवा नदी ने दिखाया रौद्र रूप

पिछले दो-तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते बेतवा नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाया। बेतवा नदी पुराने पुल से 8 फीट ऊपर बह रही है जो खतरे के निशान के काफी करीब है.बेतवा नदी मंगलवार को ही पुराने पुल पर ऊपर हो गई जो दूसरे दिन शनि मंदिर से आगे ढोर बाजार तक बेतवा नदी का पानी पहुंच गया था।सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बेतवा नदी के पुल पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके। इस दौरान बेतवा नदी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे थे. भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस जवानों द्वारा लोगों को पुल के पास खड़ा नहीं होने दिया गया और उन्हें दूर से ही नदी देखने के लिए कहा गया ताकि लोगों की सुरक्षा बनी रहे और किसी प्रकार की कोई घटना घटित ना हो.

## सिरोंज का कई शहरों से कटा रहा सड़क संपर्क



क्षेत्र में मंगलवार को हुई भारी बारिश के बाद बुधवार को भी सिरोंज का संपर्क बासौदा, कुरवाई सहित क्षेत्र के कई ग्रामों से कटा रहा. जिसके कारण इन मार्गो के यात्री परेशान हुए. बुधवार को भी हल्की बारिश का दौर जारी रहा. वहीं बीते दिनों बारिश से क्षेत्र में कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए. जिनका प्रशासन द्वारा सर्वे कराया जा रहा है. अतिवृष्टि से फसलों को भी नुकसान बताया जा रहा है. बारिश से केथन बांध का छरछरा शुरू होने से केथन नदी में भी उफान आने से मंगलवार रात को काशी घाट की पुलिया पर बाईक के साथ दो लोग गिर गये. जिनको तत्काल बचा लिया गया. हालांकि बाईक इस स्थान से दूर नदी में पंचकुईयां पुल के पास मिली. बारिश से केथन बांध के लबालब होने के बाद छरछरा से पानी निकलने पर लोग छरछरा का आनंद लेने के लिये दीनदयाल पार्क में पहुंचे.

### पठारी क्षेत्र मे 36 घंटे से बारिश का दौर जारी, कई शहरों से संपर्क टूटा

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही है जारी भारी बारिश होने से पठारी का चारों तरफ से सड़क संपर्क टूट गया है पठारी गंजबासौदा मार्ग पर पड़ने वाले केवटन नदी के पुल पर 8 फुट से अधिक पानी होने की बजह मंगलवार दोपहर से गंजबासौदा का यातायात बंद है वहीं उदयपुर और पठारी के बीच नरोदा के पास नरेन नदी के पुल पर पानी होने की बजह यह मार्ग भी बंद है ज्यादा बारिश होने से सुबह से ही नदियां उफान पर आ गईं. जिससे वाहन नदी के किनारे खड़े रहे तहसीलदार अभिषेक पांडे एवं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया.खुरई रोड पर रिपटा पहले ही डूब चुका था लेकिन वाहन चालक नहीं माने रिपटा पर फांसी पिकअप, जिससे खुरई जाने वाला रास्ता बारिश के कारण बंद ह. बघरू नदी के पुल पर पानी होने की बजह सागर मार्ग भी बंद है.36 घंटे से अधिक से हो रही बारिश की बजह से फार्म चौराहे पर मकानो मे 4 फुट से अधिक पानी भर जाने की बजह घर मे रखा सामान खराब हो गया है.हनोता डेम से प्रभावित ग्राम बिशराई,चोपड़ा,गमिरिया के गांवों में नदी का पानी तेजी से बढ़ता जा रहा है नदी का पानी बढ़ने से इस ग्रामों के नागरिकों को तहसीलदार अभिषेक पांडेय ने बिशराई के नागरिकों को गोंड़खेड़ी एवं चोपड़ा,गमिरिया के नागरिकों को जाजपोंन की नवनिर्मत कालोनी में शिफ्ट किया जा रहा है. रेंहटी बांध के चार गेट खोले गए है बहीं पठारी का तालाब भी लबालब हो गया है.

## विधायक, एसडीएम और सीएमओ पहुंचे राजीव आवास



बुधवार को विधायक मुकेश टंडन, एसडीएम क्षितिज शर्मा, नगर पालिका अधिकारी दुर्गेश ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी जतरापुरा स्थित राजीव आवास बस्ती में पहुंचे और लोगों की समस्याएं सुनी.इस दौरान विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि यहां रह रहे लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी.साथ ही अगर किसी के मकान से पानी टपक रहा है तो उसकी मरम्मत कराई जाएगी और यहां के रहवासियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी.इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तुरंत ही यहां के निवासियों की समस्याओं का हल किया जाए और लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई जाएं. इस दौरान लोगों ने आ रही समस्याओं के बारे में विधायक और अधिकारियों को अवगत कराया.

## कुरवाई में जलभराव , निचली बस्तियों का किया गया मुआयना



कुरवाई, लगातार हो रही बारिश के चलते नगर कुरवाई के कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है. विशेषकर निचली बस्तियों में पानी भरने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर परिषद कुरवाई के मुख्य नगरपालिका अधिकारी जाहिद अली ने बुधवार को नगर की निचली बस्तियों का दौरा कर हालात का जायजा लिया.मुआयने के दौरान सीएमओ जाहिद अली ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जलभराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन और स्टाफ पहले से ही तैयार रहना चाहिए. उन्होंने कर्मचारियों को मोटर पंप, सफाई मशीन और रेत से भरे कट्टों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि जल का बहाव नियंत्रित किया जा सके और लोगों के घरों में पानी प्रवेश न कर सके.

# साधारण सम्मेलन की मांग, हंगामे की आहट

## दो खेमों में बंटे शहर के पार्षद, भाजपा संगठन की खामोशी

## पार्षदों ने कहा - विकास कार्य हो रहे प्रभावित, तीन माह में होना चाहिए बैठक



नवभारत न्यूज

**विदिशा 30 जुलाई, सरकार 50 प्रतिशत महिला आरक्षण की बात करती है और इसी महिला आरक्षण के तहत विदिशा नगर पालिका में 50 प्रतिशत महिलायें पार्षद के तौर पर चुन कर आयीं जिनमें से सभी ने मिलकर एक को अध्यक्ष चुना लेकिन हालात यह हैं कि अध्यक्ष से लेकर महिला पार्षद तक राजनैतिक क्षेत्र से दूरियां बनाये हुये हैं और उनके प्रतिनिधि हर जगह नजर आ रहे हैं.**

नगर पालिका में लंबे समय से खींचतान चल रही है. पार्षद दो गुटों में बंटे नजर आ रहे हैं. जहां एक गुट अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की कोशिश में लगा हुआ है वहीं दूसरा पक्ष वर्तमान अध्यक्ष की सपोट में खड़ा हुआ दिखाई दे रहा है. इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी से लेकर प्रदेश के संगठन मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तक को है. वहीं कई पार्षद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से तक मुलाकात कर चुके हैं इसके बाद भी खींचतान थमने का नाम नहीं ले रही है. कई पार्षदों के बीच लगातार बैठक का दौर हो चुका है. इसके बाद भी मामले का पटाक्षेप नहीं हो सका है. इसी बीच नपा के साधारण सम्मेलन की मांग से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि जब नपा का सम्मेलन होगा तब वह काफी हंगामेदार हो सकता है, जिसमे कुछ पार्षद हंगामा भी कर सकते हैं.

बरहाल सभी को साधारण सम्मेलन का इंतजार है.लंबे समय से साधारण सभा की बैठक नहीं बुलाई गई है जिसके चलते शहर के विकास कार्य अटके पड़े हुए हैं. नगर पालिका परिषद के पार्षदों ने बुधवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसे मुख्य नगर पालिका अधिकारी को प्रेषित किया गया. ज्ञापन में पार्षदों ने नगर पालिका परिषद की बैठक शीघ्र आयोजित करने की मांग की है. पार्षदों ने बताया कि विगत कई माह से परिषद की साधारण सभा नहीं बुलाई गई है, जिसके कारण शहर के विकास कार्यों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव लंबित पड़े हैं. उन्होंने उल्लेख किया कि नियमानुसार प्रत्येक तीन माह में परिषद की साधारण सभा आयोजित की जानी चाहिए, किंतु इस नियम की लगातार अनदेखी हो रही है. पार्षदों ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं कलेक्टर से अपील की है कि परिषद की साधारण सम्मेलन की बैठक जल्द कराई जाए. ताकि लंबित कार्यों को गति मिल सके और शहर के विकास में गतिरोध न आए.ज्ञापन देने वालों में पार्षद व उनके प्रतिनिध मौजूद रहे जिनमें संदीप सिंह डोंगर, तीरथ प्रताप सिंह दरबार, शैलेंद्र सिंह भदौरिया, शैलेंद्र सिरभैया, सूरज किरार, संतोष पेंटर, रामप्रसाद पासी, अशोक जाट, संतोष शर्मा, चंद्रपाल सिंह दांगी, नवीन दांगी.

### बैठक से पहले सियासी तापमान चढ़ा

ज्ञापन सौंपे जाने के बाद नगर पालिका में नए कयास लगाए जा रहे हैं कि बैठक की मांग केवल एक औपचारिकता नहीं है.राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि यदि बैठक आयोजित होती है, तो उसमें हंगामे के आसार हैं. नगर पालिका में जारी विवाद फिलहाल थमने का नाम नहीं ले रहा है.

### क्या कहते हैं सीएमओ

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि इस परिषद में अब तक 5 से 6 बैठकें ही हुयी हैं.पार्षदों ने बैठक की मांग की है.जिससे अध्यक्ष को अवगत कराया जायेगा.

## जन अभियान परिषद ने निकाली हरियाली यात्रा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिला समन्वयक श्रीमती पूजा श्रीवास्तव के निर्देशन में मुरवास थाना अतर्गत बलरामपुर में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर सखियों द्वारा हरियाली यात्रा निकाली गई. इस दौरान नवांकुर सखियों को नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चांदपुर द्वारा पौधे,बीज पौधों के पैकेट भेट किए गए जिसमें नवांकुर सखियों ने ग्राम में हरियाली यात्रा के दौरान एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया.कार्यक्रम में जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक श्रीमति सरिता पाठक, कार्य क्रम प्रभारी रविशंकर धाकड़ डॉ राकेश, आदि उपस्थित रहे.

## किसानों ने लगाए कीटनाशक दवा से फसलें खराब होने के आरोप

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** खरीफ सीजन में बोई गई सोयाबीन की फसल में उपयोग की गई कीटनाशक दवा के दुष्प्रभाव से सैकड़ों बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई। इससे आक्रोशित होकर जिले के कई गांवों के किसान बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा.किसानों ने बताया कि उन्होंने गल्ला मंडी स्थित एक दुकान से खरपतवार नियंत्रण के लिए एच.पी.एम. केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर लिमिटेड द्वारा निर्मित वाघोधलर ई-04 नामक दवा खरीदी थी. इस दवा को खेतों में डालने के बाद फसल पर गंभीर असर देखने को मिला, जिससे लगभग 15 किसानों की 300 बीघा से अधिक सोयाबीन की फसल पूरी तरह से खराब हो गई.खास बात यह है कि जिले के डाबर, खिरिया, मोतीपुरा, सीतापुर, पड़रात, अटारीखेजड़ा, धतुरिया, संतापुर, पीपर हूठा और इकोदिया गांवों के किसान इस नुकसान से प्रभावित हुए हैं. किसानों ने बताया कि उनकी मेहनत और लागत दोनों बर्बाद हो गई, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है.किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि कृषि विभाग द्वारा मौके पर जाकर जांच कराई जाए.

## लटेरी का बेटा काशी में हुआ सम्मानित

नवभारत न्यूज

**लटेरी,** वाराणसी श्रीविद्या साधना के एक प्रमुख विद्वान को सम्मानित किया जा रहा है.वाराणसी में श्रीविद्या साधना पीठ नगवां में अभिनव शंकर स्वामी करपात्री महाराज की 118वीं जयंती के अवसर पर एक तीन दिवसीय आविर्भाव महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।इस महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को श्री महागणपति मोदकार्चन, श्रीयंत्र की नवार्ण महापूजा और श्री ललिता लक्षार्चन के साथ हुआ.डॉ. दीपक कुमार शर्मा को करपात्र स्वामी षोडशानंदनाथ स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है.डॉ. शर्मा श्रीविद्या के एक जाने माने उपासक और विद्वान हैं.श्रीविद्या साधना पीठ के पीठाध्यक्ष आचार्य प्रकाशानंद नाथ महाराज की अध्यक्षता में एक भव्य विद्वत सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा.इस समारोह में डीएवी पीजी कॉलेज के संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा को एक लाख रुपये की सम्मान राशि से पुरस्कृत किया गया है.इस अवसर पर डॉ. शर्मा के साथ-साथ वेद, व्याकरण और वेदांत के क्षेत्र से 80 अन्य विद्वानों को भी सम्मानित किया गया है, जो ज्ञान और विद्या के प्रचार-प्रसार में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं.कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे, जिनमें काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष महामहोपाध्याय प्रो. वशिष्ठ त्रिपाठी, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, प्रो. हृदय रंजन शर्मा, और विद्योपासक कल्याणानंदनाथ प्रमुख हैं.

## प्रेमचंद जयंती पर व्याख्यान आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा,पं.गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में हिन्दी एवं आधुनिक भाषा विभाग इलाहाबाद के प्रोफेसर संतोष भदौरिया का प्रेमचंद की भारत संकल्पना विषय पर व्याख्यान होगा.**

शासकीय कन्या महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक अस्मुरारी नंदन मिश्र विषय की प्रस्तावना रखेंगे.न्यास के अध्यक्ष ख्यात साहित्यकार डॉक्टर विजय बहादुर सिंह की अध्यक्षता में यह संगोष्ठी अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट में शाम 7.30 से होगी.न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष गोविन्द देवलिया एवं सचिव सुनील जैन , कोषाध्यक्ष भरत लड्डा,सह सचिव प्रो अरविंद द्विवेदी, न्यासिगण चक्रवर्ती जैन, कॉमरेड माधोसिंह, रामशरण ताम्रकार, ब्रजकिशोर गोयल,डॉ सुरेश गर्ग, सुदिन श्रीवास्तव, प्रो चौहान, अतुल शाह,प्रकाश पाठक, अनंत सिंह ने श्रोताओं से संगोष्ठी में आने का अनुरोध किया है.भारी बारिश के कारण 31 जुलाई तुलसी जयंती की प्रतियोगताओं को निरस्त कर,अब तुलसी जयंती सप्ताहिक प्रतियोगिताएं 1 अगस्त से नियमित की जायेंगी.

## कांग्रेस ने व्यापारियों और जनता को पोस्टकार्ड और पंपलेट बांटे



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** बुधवार को दोपहर 12 बजे कांग्रेस के कार्यकर्ता एकत्रित होकर माधवगंज चौराहे से मुख्य बाजार में व्यापारियों से पोस्टकार्ड लेकर पहुंचे.जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा विदिशा की खस्ताहाल सड़कें हो रही हैं, इन पर शिवराज सिंह चौहान का ध्यान नहीं हैं.विदिशा की जनता ने लाखों वोटों से शिवराज सिंह चौहान को सांसद बनाया, कृषि मंत्री हैं. 18 साल मुख्यमंत्री रहे उसके बाद भी विदिशा की जनता का ध्यान नहीं रख रहे हैं स्मार्ट मीटर से व्यापारी और आमजन परेशान हैं. रघुवंशी ने कहा जनता से किए वादे क्यों पूरे नहीं किए, आपको नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए.इस अवसर पर बाबूलाल वर्मा, रमेश तिवारी, अरुण अवस्थी, आशीष माहेश्वरी, अर्पित उपाध्याय, राम राज दांगी, लक्ष्मी नारायण बघेल, मलखान मीणा, रूप सिंह किरार, राजकुमार पासी. जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने कहा हमने व्यापारियों और जनता से अपील की है कि इस विकास विरोधी सरकार के खिलाफ आप सहयोग करें हम 1 तारीख को विदिशा बंद रखेंगे.

## मोतीपुर की कार्यशाला में सम्मिलित हुईं नपाध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन एवं प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया और शीर्ष नेतृत्व का निर्वाहन करते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव बरूराज विधानसभा के मोतीपुर में आयोजित कार्यशाला में सम्मिलित हुई. जिसमें उन्होंने भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में बताया. कार्यक्रम में बरूराज विधायक डॉ अरुण कुमार सिंह, प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार सिंह,जिला प्रभारी दिनकर पंडित ,जिला अध्यक्ष हरि मोहन चौधरी,जिला उपाध्यक्ष तेज नारायण शर्मा,अजय गुप्ता,जिला महामंत्री प्रभु कुशवाह,उपेंद्र पासवान, सम्राट कुमार,विधानसभा प्रभारी नवीन ठाकुर, विधानसभा संयोजक विजय तिवारी, विधानसभा विस्तारक भूपेंद्र शास्त्री,जिला उपाध्यक्ष रिंकू कुशवाह ,ममता ,जिला प्रवक्ता प्रशांत कुमार शाही,श्याम बाबू कुशवाह सभी 7 मंडलों के अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए.

अभियान | रिकॉर्ड बनाने की तैयारी, हर व्यक्ति बनेगा बदलाव का भागीदार

# विदिशा बनायेगा नशा मुक्ति का नया इतिहास

## 31 जुलाई को जिलेभर में चलेगा जनजागरण

नवभारत न्यूज

**विदिशा, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान आज 31 जुलाई को अपने महा समापन की ओर अग्रसर है. इस अवसर को ऐतिहासिक बनाने हेतु विदिशा जिले में एक दिन में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलवाने का लक्ष्य रखा गया है.**

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के सभी विद्यालयों में एक साथ शपथ दिलवाने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं.इसके अतिरिक्त जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों, निजी प्रतिष्ठानों, दुकानों, बाजारों एवं पंचायतों में भी एक निर्धारित समय पर विदिशा पुलिस के प्रत्येक थाना क्षेत्रांतर्गत नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई जाएगी.

यह एक अभूतपूर्व प्रयास होगा जिसमें समाज के हर वर्ग को जोड़कर एक सामूहिक संकल्प लिया जाएगा. इस अभियान के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया गया है कि शपथ लेते समय की फोटो सोशल मीडिया पर साझा करें ताकि यह जनचेतना राष्ट्रीय स्तर पर प्रेरणास्रोत बन सके। यह महाअभियान न केवल नशे के खिलाफ जनचेतना को मजबूत करेगा, बल्कि विदिशा जिले को नशा मुक्त भारत की दिशा में मॉडल जिले के रूप में स्थापित करेगा.

विदिशा पुलिस समस्त नागरिकों, शैक्षणिक संस्थानों, दुकानदारों, कार्यालय प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों से अनुरोध करती है कि 31 जुलाई को नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत शपथ लेकर अपनी 1 से 2 फोटो या वीडियो हमारे निर्धारित संपर्क 7587637809 नंबर पर प्रातः 12 बजे तक साझा करें ताकि इस अभूतपूर्व जनभागीदारी से एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया जा सके। यह आपका एक छोटा सा कदम नशा मुक्त समाज की दिशा में बड़ा बदलाव ला सकता है.

## वैदिक भक्ति ग्राम के अनुयाईयों ने शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** मंगलवार को पठारी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम भालबामोरा के अंतर्गत आने वाले वैदिक भक्ति ग्राम में इस्कॉन मंदिर के संस्था के अनुयायी बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और गांव के पास शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर कलेक्टर-एसपी के नाम ज्ञापन दिया गया. इस दौरान उन्होंने बताया कि गांव के पास एक भक्ति ग्राम बनाया गया है, यहां पर 40-50 अनुवाई रहते हैं.इस दौरान बाहर से आने वाले अनुयायियों को शराबी परेशान करते हैं. शराब दुकान हटाकर दूसरी जगह स्थापित की जाए. पठारी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम भालबामोरा के पास एक छोटा सा वैदिक ग्राम भक्ति ग्राम के नाम से है. जहां वरिष्ठ संन्यासियों का आना-जाना हमेशा लगा रहता है एवं मदिरा की दुकान के पास एक शंकर भगवान का मंदिर भी है एवं दुकान गांव के चौराहे पर स्थित होने के कारण आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. उन्होंने कहा कि दुकान मंडी बामोरा से बासौदा हाईवे पर है.दुकान से 2 किलोमीटर दूर वैदिक ग्राम भक्ति ग्राम है, यहां पर दारु पीने वाले लोग रात को आते जाते हैं एवं यहां से भक्तों का आना-जाना लगा रहता है जिससे हमारी आस्था को ठेस पहुंचती है.उन्होंने कहा कि शराबी सड़क के आसपास बैठ जाते हैं और शराब का सेवन करते हैं.इस दौरान अगर कोई सन्यासी यहां से निकलता है तो उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं.उन्होंने कहा कि हम लोग पैदल ही आना जाना करते हैं इसके कारण से हम लोगों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है.उन्होंने आवेदन देकर कलेक्टर एसपी से मांग की है कि शराब दुकान को यहां से हटाकर अन्य जगह स्थापित किया जाए.जिससे कि वैदिक ग्राम में आने वाले सन्यासियों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े.इस दौरान बड़ी संख्या में वैदिक ग्राम के सन्यासी मौजूद थे.